Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding eradication of Acute Encephalitis Syndrome in the country -laid.

श्री मोहमद आजम खां, (रामपुर): बिहार में एक्यूट एन्सेफेलाइटिस सिन्ड्रोम (AES) की बीमारी से अपनी जान गंवाने वाले मासूम बच्चों की तादाद 100 पार कर चुकी है, न जाने कितनी मांओं ने अपने हाथों से अपने इन नौनिहालों और कलेजे के टुकड़ों को सुपुर्द ए खाक कर दिया होगा । इसी प्रकार गतवर्ष गोरखपुर में भी मौत का यह भयानक दौर उ0प्र0 ने देखा था । परन्तु अभी तक इस महामारी की रोकथाम के लिए कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हो सकी है ।

बिहार में भी बहुत देर बाद राज्य और केन्द्र सरकार हरकत में आई हैं । सरकारों के देर से जागने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई कि एक बीमारी ने महामारी का भयावह रूप धारण कर लिया ।

मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि इस जानलेवा बीमारी की स्थायी रोकथाम के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?